Daily Current Affairs 27/04/2021

1. **PM केयर्स के माध्यम से देशभर में सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों पर 551 PSA ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्र स्थापित किए जाएंगे**

- अस्पतालों में ऑक्सीजन की उपलब्धता बढ़ाने के प्रधानमंत्री के निर्देश के तहत, PM केयर्स फंड ने देश में सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों पर 551 समर्पित **PSA (प्रेशर स्विंग ऐड्सॉर्प्शन) चिकित्सा ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्रों** की स्थापना के लिए धन आवंटन को सैदधांतिक मंजरी दे दी है।
- ये समर्पित संयंत्र विभिन्न राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में जिला मुख्यालयों पर चिन्हित सरकारी अस्पतालों में स्थापित किए जाएंगे।
- खरीद प्रक्रिया स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के माध्यम से की जाएगी।
- **नोट:** PM केयर्स फंड ने इस साल की शुरुआत में देश में सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों पर अतिरिक्त 162 डेडिकेटेड प्रेशर स्विंग ऐड्सॉर्प्शन (PSA) मेडिकल ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्र लगाने के लिए 201.58 करोड़ रुपये आवंटित किए थे।

2. **इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने #FOSS4GOV इनोवेशन चैलेंज की घोषणा की**

- इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सरकार में फ्री एंड ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर (FOSS) को अपनाने की दिशा में तेज़ी लाने के लिए #FOSS4GOV इनोवेशन चैलेंज की घोषणा की।
- #FOSS4GOV इनोवेशन चैलेंज ने FOSS इनोवेटर्स, प्रौद्योगिकी उद्यमियों और भारतीय स्टार्ट-अप्स से आह्वान किया कि वे स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, शहरी शासन आदि में Govtech के लिए संभावित अनुप्रयोगों के साथ CRM और ERP में इस्तेमाल किए जाने वाले ओपन सोर्स उत्पाद नवाचारों को प्रस्तुत करें।
- सरकार और सरकारी कामकाज में FOSS के उपयोग और FOSS को अपनाने के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए **इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय** ने **"फ्री एवं ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर (FOSS) इन गवर्नमेंट"** विषय पर वर्चुअल माध्यम से एक गोलमेज़ सम्मेलन का आयोजन किया। ये सम्मेलन **ओमिडयार नेटवर्क इंडिया** के सहयोग से आयोजित किया गया।
- **नोट:** भारत में 4G डाटा सर्विस उपभोक्ताओं की बड़ी संख्या की वजह से भारत फ्री एंड ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर (FOSS) के लिए एक प्रभावशाली हब बनने की दिशा में काफी मज़बूत स्थिति में है। भारत में 4G डाटा सर्विस उपभोक्ताओं की कुल संख्या में से करीब 96 फीसदी उपभोक्ता ओपन-सोर्स आधारित मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम (प्राथमिक तौर पर एंड्रॉयड) के माध्यम से डिजिटल दुनिया का उपयोग करते हैं।
- भारत की कुछ बड़ी सरकारी परियोजनाओं (आधार सहित) और कई प्रौद्योगिकी आधारित स्टार्ट-अप्स को भी FOSS की मदद से विकसित किया गया है।
- FOSS की व्यापक क्षमता को स्वीकार करते हुए, भारत सरकार ने **वर्ष 2015 में ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर को अपनाने की दिशा में एक नीति** जारी की थी।

3. भारत और फ्रांस की नौसेनाओं के बीच द्विपक्षीय अभ्यास 'वरुण-2021'

- भारत और फ्रांस की नौसेनाओं के द्विपक्षीय अभ्यास 'वरुण-2021' का 19वां संस्करण 25 अप्रैल से लेकर 27 अप्रैल, 2021 तक अरब सागर में आयोजित किया जा रहा है।
- इस तीन दिवसीय अभ्यास के दौरान समुद्र में उच्च स्तरीय नौसैनिक अभियानों को देखा जा सकेगा, जिनमें उन्नत एयरडिफेंस और एंटी-सबमरीन अभ्यास, इंटेंस फिक्सड और

रोटरी विंग फलांईग ऑपरेशन, सामरिक युद्धाभ्यास, सरफेस एंड एंटी एयर वेपन फायरिंग, अंडरवे पुनःपूर्ति और अन्य समुद्री सुरक्षा ऑपरेशन शामिल हैं।

- अभ्यास वरूण-21 के पूरा होने के बाद, प्राप्त किए गए सर्वोत्तम प्रथाओं को समेकित करने के लिए भारतीय नौसेना का गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट INS तरकश 28 अप्रैल से 1 मई, 2021 तक फ्रांसीसी नौसेना के कैरियर स्ट्राइक ग्रुप (CSG) के साथ अभ्यास जारी रखेगा।
- वरुण-21,दोनों देशों के बीच बढ़ती हुई सौजन्यता पर प्रकाश डालता है और साथ ही दो नौसेनाओं के बीच दोस्ताना तालमेल, समन्वय और अंतर-संचालनशीलता के स्तर में वृद्धि को भी दर्शाता है।ये पारस्परिक क्रियाएं भागीदार नौसेनाओं के बीच के साझा मूल्यों को आगे बढ़ाते हैं तथा सामुद्रिक स्वतंत्रता और एक खुले, समावेशी इंडो-पैसिफिक और नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय आदेश के लिए प्रतिबद्धता को सुनिश्चित करते हैं

4. भूटान में दंतक परियोजना ने 60 साल पूरे किए

- भूटान में दंतक परियोजना अपनी डायमंड जुबली मना रही है।
- यह उल्लेखनीय है कि भूटान में महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे का निर्माण करते समय 1,200 से अधिक दंतक कर्मियों ने अपने जीवन का बलिदान दिया है।
- 24 अप्रैल, 1961 को भूटान के महामहिम तीसरे राजा और तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के दूरदर्शी नेतृत्व के परिणामस्वरूप **प्रोजेक्ट दंतक** की स्थापना की गई थी।
- भूटान के सामाजिक-आर्थिक विकास और तरक्की को प्रभावित करने में कनेक्टिविटी के अत्यधिक महत्व की पहचान करते हुए, दंतक को राज्य में अग्रणी मोटर योग्य सड़कों के निर्माण का काम सौंपा गया था। दंतक ने 1968 में समद्रुप जोंगखर को त्रासीगंग से जोड़ने वाली सड़क को पूरा किया था। उसी वर्ष, थिम्फू को दंतक द्वारा फुंटशोलिंग से जोड़ा गया।
- **भूटान के बारे में तथ्य:**

  राजधानी: थिम्फू

  मुद्रा: भूटानी नेगुल्ट्रम

राजा: जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक
प्रधानमंत्री: लोताय शेरिंग

5. DRDO ने हेलीकॉप्टर इंजन एप्लीकेशन के लिए सिंगल क्रिस्टल ब्लेड विकसित किए



- रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) ने सिंगल क्रिस्टल ब्लेड प्रौद्योगिकी विकसित की है और इनमें से 60 ब्लेड की आपूर्ति हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) को हेलीकॉप्टर इंजन एप्लीकेशन के लिए स्वदेशी हेलीकॉप्टर विकास कार्यक्रम के हिस्से के रूप में की है।
- यह DRDO की प्रीमियम प्रयोगशाला डिफेंस मेटालर्जिकल रिसर्च लेबोरेटरी (DMRL) द्वारा शुरू किये गए एक कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसमें निकल-आधारित उत्कृष्ट मिश्रित धातु का उपयोग करके सिंगल क्रिस्टल उच्च दबाव वाले टरबाइन (HPT) ब्लेड के पांच सेट (300 की संख्या में) विकसित किए जा रहे हैं। शेष चार सेटों की आपूर्ति उचित समय पर पूरी की जाएगी।
- रणनीतिक व रक्षा एप्लीकेशन्स में इस्तेमाल किए जाने वाले हेलीकाप्टरों को चरम स्थितियों में अपने विश्वसनीय संचालन के लिए कॉम्पैक्ट तथा शक्तिशाली एयरो-इंजन की आवश्यकता होती है। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए, जटिल आकार और ज्यामिति वाले अत्याधुनिक सिंगल क्रिस्टल ब्लेड, जो ऑपरेशन के उच्च तापमान को सहन करने में सक्षम निकल आधारित उत्कृष्ट मिश्रित धातु से निर्मित हैं, का उपयोग किया जाता है।
- **नोट:** दुनिया के बहुत ही कम देशों जैसे **अमरीका, ब्रिटेन, फ्रांस और रूस** में ऐसे सिंगल क्रिस्टल (SX) पुर्जों को डिजाइन एवं निर्माण करने की क्षमता है।

6. रेखा मेनन NASSCOM की पहली महिला चेयरपर्सन बनी

- रेखा एम मेनन, एक्सेंचर इंडिया की चेयरपर्सन और वरिष्ठ प्रबंध निदेशक, को 2021-22 के लिए नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विसेज कंपनीज (NASSCOM) की चेयरपर्सन के रूप में नियुक्त किया गया।
- NASSCOM के 30 साल के इतिहास में, वह IT उद्योग के शीर्ष निकाय का नेतृत्व करने वाली पहली महिला बनीं।
- **नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विसेज कंपनीज (NASSCOM) के बारे में:** यह एक भारतीय गैर-सरकारी व्यापार संघ और वकालत समूह है जो मुख्य रूप से सूचना प्रौद्योगिकी और व्यवसाय प्रक्रिया आउटसोर्सिंग उद्योग पर केंद्रित है। 1988 में स्थापित, NASSCOM एक गैर-लाभकारी संगठन है।

7. 2021 AIBA यूथ वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप

- 2021 AIBA यूथ वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप पोलैंड के केल्से आयोजित की गई।
- भारत आठ स्वर्ण और तीन कांस्य पदक के साथ पदक तालिका में सबसे ऊपर है।
- **पदक तालिका**

रैंक	राष्ट्र	स्वर्ण	रजत	कांस्य	कुल
1	भारत	8	0	3	11
2	रूस	3	5	3	11
3	उज़्बेकिस्तान	3	1	6	10

- **नोट:** गीतिका (48 किग्रा), नोरेम बेबीरोजिसाना चानू (51 किग्रा), पूनम (57 किग्रा), विंका (60 किग्रा), अरुंधति चौधरी (69 किग्रा), टी सनमाचा चानू (75 किग्रा) और अल्फिया पठान (+81 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीता। भारत ने सात स्वर्ण पदकों के साथ महिला वर्ग में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।
- भारत के सचिन ने पुरुषों का 56 किग्रा स्वर्ण पदक जीता।

S

8. ज्ञानपीठ विजेता अमिताव घोष का आगामी प्रकाशन 'द लिविंग माउंटेन': ए फैबल फॉर अवर टाइम्स



- यह वर्तमान समय के लिए एक कल्पित कहानी है: एक सावधानीपूर्वक कहानी है कि कैसे मनुष्यों ने व्यवस्थित रूप से प्रकृति का शोषण किया है, जिससे पर्यावरण का पतन हो रहा है।
- हार्पर कॉलिन्स पब्लिशर्स इंडिया अपनी प्रतिष्ठित फोर्थ एस्टेट इंप्रिंट के तहत जनवरी 2022 में एक विशेष स्टैंडअलोन संस्करण के रूप में लिविंग माउंटेन प्रकाशित करेगा।
- अमिताव घोष एक भारतीय लेखक और 54 वें ज्ञानपीठ पुरस्कार के विजेता हैं, जिन्हें अंग्रेजी उपन्यास में उनके काम के लिए जाना जाता है।
- उन्हें 2007 में भारत सरकार द्वारा पद्म श्री से सम्मानित किया गया था।

1.